आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार– 16.05.2024
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रदेश सरकार ने सभी राज्यों के मुख्य सचिव को पत्र भेजकर चारधाम यात्रा के लिए अनिवार्य पंजीकरण की जानकारी का प्रचार करने को कहा।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चारधाम यात्रा के सुव्यवस्थित संचालन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।
- बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री मंदिर परिसर में वीडियो और रील बनाने पर रोक।
- आदि कैलाश यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का तीसरा जत्था रवाना।
- भारतीय फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ी सुनील छेत्री ने राष्ट्रीय टीम से संन्यास की घोषणा की।

------------

**चारधाम यात्रा पंजीकरण अनिवार्य**

उत्तराखण्ड में बिना पंजीकरण के श्रद्धालुओं को चारधाम यात्रा की अनुमति नही दी जाएगी। इसके लिए बैरियरों और अन्य स्थानों पर सख्ती से चेकिंग की जाएगी और बिना पंजीकरण वालों को तीर्थयात्रा के लिए आगे नही बढने दिया जाएगा। प्रदेश की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बताया कि सभी राज्यों के मुख्य सचिव को पत्र भेजकर बताया जा रहा है कि वे अपने प्रदेश से उत्तराखण्ड आने वाले श्रद्धालुओं को चारधाम यात्रा पंजीकरण के संबंध में जागरूक करें।

गौरतलब है कि इस साल चारधाम यात्रा पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। जानकारी के अभाव में बहुत से श्रद्धालु बिना पंजीकरण के उत्तराखण्ड में तीर्थयात्रा के लिए आ रहे हैं और इसी को देखते हुए सभी राज्य के मुख्य सचिवों को यह पत्र भेजे जा रहे हैं।

स्वास्थ्य सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि सभी श्रद्धालु पंजीकरण के वक्त स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां सही तरीके से उपलब्ध करांए।

---------------

**बैठक**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं की जानकारी लेने के लिए आज देहरादून में शासन के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की। उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग और चमोली के जिलाधिकारी भी इस बैठक में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। श्री धामी ने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार यात्रा की शुरूआत में दोगुनी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। उन्होंने चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

-----------

**चार धाम यात्रा**

प्रदेश के चारों धामों के परिसर की पचास मीटर की परिधि में वीडियो अथवा रील बनाने की अनुमति नही होगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक की जानकारी देते हुए मुख्य सचिव ने बताया कि मंदिर परिसर में मोबाइल फोन ले जाने पर कोई रोक नहीं है लेकिन वीडियो और रील बनाने पर प्रतिबंध रहेगा।

**स्वच्छता व्यवस्था**

श्री केदारनाथ यात्रा मार्ग को स्वच्छ बनाने के लिए जिला पंचायत, नगर पालिका, नगर पंचायत और सुलभ इंटरनेशनल अपने–अपने क्षेत्र में लगातार बेहतर साफ–सफाई की व्यवस्था कर रहे हैं। नगर पंचायत केदारनाथ के अधिशासी अधिकारी चंद्रशेखर चौधरी ने कहा कि केदारनाथ धाम में स्वच्छता व्यवस्था को दुरुस्त बनाने के लिए नगर पंचायत केदारनाथ के

पर्यावरण मित्रों द्वारा धाम में लगातार साफ–सफाई की जा रही है। इसके साथ ही गंदगी फैलाने वाले व्यापरियों और श्रद्धालुओं के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है।

## आदि कैलाश

हल्द्वानी के काठगोदाम से आज आदि कैलाश और ओम पर्वत यात्रा के लिए आज तीसरा दल रवाना हुआ। यह दल कैंची धाम होते हुए जागेश्वर धाम के दर्शन करने के बाद पिथौरागढ़ पहुंचेगा। इस दल में कुल यात्री 35 है, जिसमें 13 पुरुष और 22 महिला यात्री शामिल हैं। पिथौरागढ़ की जिलाधिकारी रीना जोशी ने बताया कि आदि कैलाश यात्रा को देखते हुए प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। उन्होंने बताया कि गुंजी में चिकित्सा दल तैनात करने के साथ ही अस्थाई थाना खोल दिया गया है और किसी भी आपताकालीन स्थिति से निपटने के लिए एस०डी०आर०एफ के दल को तैनात किया गया है। जिलाधिकारी रीना जोशी ने बताया कि इस बार आदि कैलाश यात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब तक दो हजार से अधिक यात्री आदि कैलाश के दर्शन कर चुके हैं।

## मदमहेश्वर कपाट

रुद्रप्रयाग स्थित द्वितीय केदार मदमहेश्वर के कपाट खुलने की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। 18 मई को मदमहेश्वर की चल विग्रह डोली और देव निशाण शीतकालीन गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मन्दिर से राकेश्वरी मंदिर रांसी में रात्रि विश्राम करेंगे। 19 मई को डोली दूसरे पड़ाव गोंडार गांव पहुंचेगी। 20 मई को मदमहेश्वर के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले जांएगे। इधर, चमोली जिले में स्थित पंच केदारों में चतुर्थ केदार भगवान रुद्रनाथ के कपाट खुलने की प्रक्रियाओं के तहत आज भगवान की उत्सव डोली सैकड़ों भक्तों और सेना के बैंड की धुन के साथ गोपीनाथ मंदिर से रुद्रनाथ मंदिर के लिए रवाना हुई। डोली आज ल्वींटी बुग्याल में रात्रि प्रवास करेगी। शनिवार को रूद्रनाथ के कपाट खोल दिए जांएगे।

## गोल्ड कप

40वीं अखिल भारतीय उत्तराखंड गोल्ड कप क्रिकेट प्रतियोगिता कल से देहरादून में शुरू होगी। प्रतियोगिता में 16 टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता लीग कम नॉक आउट आधार पर खेली जाएगी। प्रतियोगिता में रणजी और आई.पी.एल खेलने वाले कईं खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

## इग्नू

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने जुलाई 2024 सत्र में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक अभ्यर्थी 30 जून तक आवेदन कर सकते हैं। इग्नू की वेबसाइट पर पाठयक्रमों से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## सन्यास घोशणा

भारतीय फुटबॉल के दिग्गज खिलाडी सुनील छेत्री ने राष्ट्रीय टीम के साथ विशिष्ट करियर के बाद संन्यास लेने की घोषणा की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री छेत्री ने बताया कि इस वर्ष 6 जून को कोलकाता के सॉल्टलेक स्टेडियम में कुवैत के खिलाफ आगामी मैच में आखिरी बार राष्ट्रीय टीम की ओर से खेलेंगे। सुनील छेत्री भारतीय राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के मौजूदा कप्तान हैं उन्होंने 12 जून, 2005 को पाकिस्तान के खिलाफ अपना पहला मैच खेला था। उन्होंने अपने खेल करियर में 150 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 94 गोल करने का शानदार रिकॉर्ड बनाया है।

## सिक्किम स्थापना दिवस

देहरादून स्थित राजभवन में सिक्किम राज्य का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने प्रदेश की ओर से सभी सिक्किम वासियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने कहा कि कंचनजंघा के सुन्दर पहाड़ों की तलहटी में बसे होने के साथ–साथ सिक्किम की प्राकृतिक सुंदरता अप्रतिम है। सिक्किम पूरी

तरह से ऑर्गेनिक खेती करने वाला राज्य है और पूरे देश के लिए प्रेरणा स्रोत है। राज्यपाल ने कहा कि अन्य राज्यों के स्थापना दिवस को हर राज्य में मनाए जाने से हम सब को एक परिवार के रूप में जोड़ने के लिए सहायता प्रदान करेंगे।

..........